
# 7 फुलवारी



रंग-बिरंगे फूलों से है,
महक रही यह फुलवारी।
मंद पवन के झोंको से है,
झूल रही यह फुलवारी।



जूही, चंपा यहाँ खिले हैं,
महके बेला की क्यारी।
श्वेत गुलाबों, लाल कमल की,
अपनी ही शोभा न्यारी।



नाच दिखाती उड़े तितलियाँ,
करतीं मीठे रस का पान।
भँवरे भी गुन-गुन-गुन करके,
यहाँ सुनाते अपना गान ।



अपनी खुशबू, रंग-रूप का,
इसे नहीं तनिक अभिमान।
सबके मन को हर्षित कर दें,
समझे इसमें अपना मान।



हम बच्चे भी फूलों जैसे,
खिलें, हँसे और मुस्काएँ।
अपनी भीनी-सी सुगंध से,
जग की फुलवारी महकाएँ।

**शिक्षक संकेत :** छोटे-छोटे प्रश्न पूछकर कविता की पंक्तियाँ स्पष्ट कीजिए। सभी बच्चों से एक साथ और अलग-अलग भी कविता पढ़वाइए।

### शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **शोभा** | – | सुन्दरता | **न्यारी** | – | अनोखी |
| **तनिक** | – | जरा भी | **हर्षित** | – | प्रसन्न/खुश |
| **मान** | – | इज्जत | **अभिमान** | – | घमण्ड |

## अभ्यास

**1. आइए बातचीत करें।**

(क) फुलवारी का क्या अर्थ है ?

.......................................................................................................................

(ख) आपने कभी फुलवारी देखी है ? वहाँ आपने फूल और तितली के अलावे और क्या-क्या देखा? बताएँ।

.......................................................................................................................

(ग) आपको फुलवारी में जाना कैसा लगता है और क्यों ?

.......................................................................................................................

**2. पाठ से बताएँ-**

(क) फुलवारी किस कारण से इतनी सुगंधित है ?

.......................................................................................................................

(ख) तितलियाँ यहाँ क्या करती हैं ?

.......................................................................................................................

(ग) फुलवारी के फूल हमें क्या सीख देते हैं?

.......................................................................................................................

**3. यहाँ कविता की जिन पंक्तियों का अर्थ/भाव दिया जा रहा है, उन्हें कविता से ढूँढ़कर लिखिए-**

(क) हवा के धीरे-धीरे चलने से पूरी फुलवारी झूल रही है।

.......................................................................................................................

(ख) तितलियाँ उड़ती हुई आती हैं और फूलों के मीठे रस को पीकर चली जाती हैं।

.......................................................................................................................

(ग) फूलों को अपनी खुशबू और सुन्दरता का जरा भी घमण्ड नहीं है।

..........................................................................................................

4. **समान अर्थ वाले शब्दों को मिलाइए-**

| | |
|---|---|
| फुलवारी | हवा |
| महक | सफेद |
| पवन | दुनिया |
| श्वेत | गंध |
| जग | बगीचा |

5. **आपने कौन-कौन से फूल देखे हैं ? उनके नाम और रंग बताएँ-**

| **फूल का नाम** | – | **रंग** |
|---|---|---|
| ........................... | – | ..................... |
| ........................... | – | ..................... |
| ........................... | – | ..................... |
| ........................... | – | ..................... |
| ........................... | – | ..................... |
| ........................... | – | ..................... |

6. **हमलोग कई कामों के लिए फूलों का उपयोग करते हैं। उनके बारे में लिखें-**

..........................................................................................................

7. **इस पहेली में कई सारे फूलों के नाम छिपे हैं । उन्हें ढूँढ़कर घेरा लगाइए और उनके नाम लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| च | ग | क | चं | पा | क |
| मे | म | म | जू | ही | ने |
| ली | गु | ल | मो | ह | र |
| बे | ला | ली | ग | ज | म |
| प | ब | का | रा | गें | दा |

चमेली ............... ............... ...............

............... ............... ............... ...............

## 8. कविता में खाली स्थानों को भरें -

(क) मंद ........................... के ........................... से है।

........................... रही यह फुलवारी ।

(ख) ........................... भी गुन-गुन-गुन करके ।

यहाँ सुनाते अपना ...........................।

(ग) सबके ........................... का ........................... कर दें,

समझे इसमें अपना ...........................।

## 9. वाक्य पढ़ें और लिखें कि ये कौन हैं ?

जो पौधों को सींचते हैं - ..........................................................

जो इलाज करते हैं - ..........................................................

जो कपड़े धोते हैं - ..........................................................

जो सबकी डाक / चिट्ठी-पत्री लाते हैं- ..........................................................

जो न्यायालय में फैसला करते हैं- ..........................................................

जो विद्यालय में बच्चों को पढ़ाते हैं - ..........................................................

## 10. अपने मनपसन्द फूल का चित्र बनाइए।